हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 23 मई 2025

तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 22.5 डिग्री

10 तेज आंधी से मौसम के तेवर नरम, तापमान पांच डिग्री से ज्यादा गिरा, नौतपा में भारी गर्मी के आसार नहीं



12 फलों के रूप में बिक रहा जहर, घातक केमिकल का खुलकर इस्तेमाल




46 Years of Commitment Determination & Success

# HOLY CHILD PUBLIC SCHOOL

(Co-Ed. English Medium School Affiliated to CBSE, Affiliation No. 530071)
Delhi Road, Rewari - 123401 (Haryana)

Rewari Campus
8398876937
E-mail : hcp school@gmail com

Neemrana Campus
7497044100
E-mail : hcisneemrana@gmail com

EducationWorld SCHOOL RANK #1 | QS-I GUAGE # GOLD RATING

HCPS HOLY CHILD PUBLIC SCHOOL Estd. 1979

Heartiest Congratulations to the Parents, Students & Teachers for the Wonderful Performance

THE SAGA OF GREAT SUCCESS CONTINUES.... WE ARE PROUD OF OUR STUDENTS!

100% Result X & XII

## Excellent Performance By HCPians in CBSE XII Result 2024-25

SCHOOL TOPPER
KARTIKAY S/o Smt. Rekha Rani Bhatla
97.8% (Commerce)

STREAM TOPPERS

| Name | Parent | Stream | Score | Subject |
|---|---|---|---|---|
| SAHIL | S/o Sh. Anil Kumar | (Non-Medical) | 97.6% | Chemistry 100 |
| VANSHIKA | S/o Sh. Sandeep Yadav | (Humanities) | 96.2% | Fine Arts 100 |
| VANSHIKA | S/o Sh. Sanjay Chutani | (Medical) | 94.0% | Music 100 |

IIT-JEE (MAINS) SELECTIONS 2024-25

| DIPANSHU | ISHIKA | BHASKAR | KRISH | KOMAL | APAR DATA | MUKUND | MUDIT |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 97.2%tile | 96.9%tile | 96.4%tile | 95.9%tile | 95.9%tile | 94.8%tile | 94.7%tile | 93.7%tile |

LAKSHAY, ARYAN, AKSHAY, ARTI, GAUTAM, LALIT, PUSHKAR

1st Rank in Haryana Top 10 in INDIA
SRCC Selection
GURLEEN
CA Foundation 2024
343/400

SRCC Selection
PREM

Total Appeared - 229 Students
95% & Above - 08 Students
90% & Above - 31 Students
Distinctions - 134 Students

CA FOUNDATION QUALIFIERS 2025
MEGHA GUPTA, SHAGUN, SNEHA

CS SELECTION 2025
PIYUSH

| Name | Parent | Score |
|---|---|---|
| ANSH | Sh. Deepak | Sci. 96% |
| MAHAK | Sh. Kishan Kr. | Comm. 95.8% |
| BRITHI GHOSH | Sh. Kaushik Ghosh | Arts 95.8% |
| RITU | Sh. Deepak Kr. | Comm. 95.6% |
| KOMAL | Sh. Hemant | Sci. 95.6% |
| YUKTI GULATI | Sh. Ritesh Gulati | Comm. 93.6% |
| JAIVIR | Sh. Rajvir Chauhan | Sci. 93% |
| KOMAL | Sh. Rakesh | Sci. 92.6% |
| AARTI | Sh. Devender | Sci. 92.4% |
| APAR DATA | Sh. Ritesh Data | Sci. 92.4% |
| TARUN | Sh. Vidhya Sagar | Sci. 92.4% |
| HARSHIT | Sh. Tarun Kr. | Comm. 92.4% |
| PARTH | Sh. Rohtas | Arts 92.2% |
| RITIKA | Sh. Avtar Singh | Arts 92.2% |
| AYSHA | Sh. Anil Gupta | Comm. 92% |
| ANMOL | Sh. Narender | Comm. 91.8% |
| PAYAL | Sh. Madan Lal | Arts 91.8% |
| SMRITI | Sh. Parkash Chand | Comm. 91% |
| KHUSHAL | Sh. Rajender Kr. | Comm. 90.6% |
| PRIYA | Sh. Ritesh | Comm. 90.6% |
| SUNISKA | Sh. Yudhishtar | Comm. 90.6% |
| MANYA | Sh. Muneesh | Arts 90.6% |
| TISHA | Sh. Manoj | Arts 90.6% |
| LAVISHA | Sh. Ghanshyam | Arts 90.4% |
| HITESH | Sh. Bharat | Comm. 90% |
| LAXMI | Sh. Ajit Singh | Arts 90% |
| RISHIKA | Sh. Kalicharan | Arts 90% |
| KAVYA | Sh. Pawan Kr. | Sci. 90% |
| SHIVAM | Sh. Om Prakash | Sci. 90% |
| VANSH | Sh. Manmohan | Sci. 90% |
| UPESH | Sh. Mukesh Kr. | Comm. 90% |

Subject Top Scores & No. of students scored above (90)
Chemistry - 100(15), C.Sc. - 100(08), Fine Art - 100(13), Music - 100(42), Maths - 99(07), Accountancy - 99(08), Economics - 99(17), English - 99(32), Physcial Education - 98(17), B. Studies - 98(21), Geo. - 98(11), Pol. Sci. - 98(13), Bio. - 96(03), Physics - 96(08), Applied Maths - 96(03), Legal St. - 95(01), Psychology - 94(03), History - 93(02)

## Outstanding Performance By HCPians In CBSE X Result 2024-25

| Name | Parent | Score |
|---|---|---|
| YOHANA | Sh. Manjeet Kr. | 96.6% |
| DIVYAM | Sh. Dharmender Kr. | 96.2% |
| MUSKAN | Sh. Hanuman | 95.8% |
| SHIVANK | Sh. Inderjeet | 95.4% |
| RENUKA | Sh. Amar Nath | 95.2% |
| BHAVYA | Sh. Ashok Kr. | 95% |
| VANSHIKA | Sh. Mohan Lal | 95% |
| KRISH | Sh. Mohit Kr. | 95% |
| MANOJ | Sh. Manish | 94.8% |
| KANIKA | Sh. Gaurav | 94.8% |
| KANISHKA | Sh. Surinder Kr. | 94.6% |
| TOSHAM | Sh. Shailender | 94.4% |
| RONAK | Sh. Lalit Kr. | 94.4% |
| RAHUL | Sh. Pramod Kr. | 94% |
| LAKSHAY | Sh. Sachin | 94% |
| JAGRITI | Sh. Nikhil | 93.4% |
| TANYA | Sh. Prakash | 93.2% |
| CHARU | Sh. Rajiv | 93% |
| PRAVESH | Sh. Satya Dev | 93% |
| ISHIKA | Sh. Rohtas | 92.8% |
| ANUSHREE | Sh. Chinmoy | 92.8% |
| ISHANT | Sh. Hemant Kr. | 92.8% |
| MAHIMA | Sh. Ramavtar | 92.8% |
| NIYATI | Sh. Jogender | 92.6% |
| ARJUN | Sh. Mukesh | 92.6% |
| VAIBHAV | Sh. Chandra Kant | 92.6% |
| ROHINI | Sh. Randheer | 92.4% |
| ADITYA | Sh. Sanjay | 92.4% |
| PRANJAL | Sh. Ravish | 92.4% |
| VANSHIKA | Sh. Arun | 92% |
| SAHIL | Sh. Jitender | 91.8% |
| ELA YADAV | Sh. Vikram | 91.8% |
| PRACHI | Sh. Satish | 91.6% |
| SAKSHI | Sh. Hukam Singh | 91.6% |
| BHAVIKA | Sh. Alok | 91.2% |
| MEGHA | Sh. Jogender | 91% |
| NANDINI | Sh. Naveen | 90.8% |
| AJAY | Sh. Rajesh Kr. | 90.8% |
| MAHEEKA | Sh. Naresh | 90.8% |
| LAVANYA | Sh. Naresh Kr. | 90.2% |
| PRIYANSHU | Sh. Vikas | 90.2% |
| GARIMA | Sh. Deen Dayal | 90.2% |
| KUNAL | Sh. Ashok Kr. | 90% |

Total Appeared - 223 Students
95% & Above - 08 Students
90% & Above - 43 Students
Distinctions - 142 Students

Chairperson Smt. Kanta Sachdeva | Director Sh. Anirudh Sachdeva | www.hcpsrewari.com | hcpsrwr | hcpsrewari

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। सोलहराही स्थित शनि मंदिर में स्थापित शनिदेव की प्रतिमा।

### शनि जयंती पर जागरण 26 व भंडारा 27 को

**रेवाड़ी।** शनि जयंती के उपलक्ष्य में सेक्टर-1 सोलहराही स्थित शनि मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी मोनू ने बताया कि 26 मई को शाम 6 बजे से जागरण का आयोजन होगा, जिसमें गायक कलाकार भजनों के माध्यम से शनिदेव की महिमा का गुणगान करेंगे। 27 मई को सुबह 11:30 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर में तैयारियां की जा रही है।

### लुखी के दो ट्यूबवेल से केबल ले गए चोर

**कोसली।** लुखी गांव में चोर दो ट्यूबवेलों की बिजली की केबल काट कर ले गए। गांव के पंचायती ट्यूबवेल पर काम करने वाले ईश्वर सिंह ने नाहड़ पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि वह वीरवार को प्रातः जब ट्यूबवेल पर गया तो केबल कटी हुई मिली। इसके अलावा गांव के ही सत्यवीर के ट्यूबवेल की केबल भी गायब थी। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज किया है।

### बाल भवन में ग्रीवेंस कमेटी की बैठक 26 को

**रेवाड़ी।** जिले के नागरिकों की शिकायतों का निवारण करने के लिए जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक 26 मई को दोपहर 12 बजे बाल भवन में हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय और नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल की अध्यक्षता में आयोजित होगी। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित 21 परिवाद निपटारे के लिए रखे जाएंगे। डीसी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्धारित तिथि व समय पर रिपोर्ट व पूरी तैयारी के साथ बैठक में पहुंचने के निर्देश दिए है।

### डाकघर में पेंशन के लिए जारी किया शेड्यूल

**नारनौल।** प्रधान डाकघर में अप्रैल माह की पेंशन 10 जून तक वार्ड अनुसार सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक वितरित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए पोस्टमास्टर ने बताया कि वार्ड नंबर पांच की पेंशन 23 मई को, वार्ड छह की 24 को, वार्ड आठ की 26 को, वार्ड नौ की 27 को, वार्ड 10 की 28 को, वार्ड 11 की 29 को, वार्ड 13 की 30 को व वार्ड नंबर 14 की 31 मई को पेंशन वितरित की जाएगी। वार्ड नंबर 15 की दो जून को, वार्ड 17 की तीन को, वार्ड नंबर एक व 22 की चार को, वार्ड नंबर दो व 23 की पांच को व वार्ड नंबर 27 की छह जून को पेंशन वितरित की जाएगी।

### तेज आंधी से मौसम के तेवर नरम, तापमान पांच डिग्री से ज्यादा गिरा, नौतपा में भारी गर्मी के आसार नहीं

# आंधी से कई गांवों में पेड़ टूटे, कई जगह बिजली के पोल गिरे, रात भर बनी रही ब्लैकआउट की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

बुधवार देर सांय आई धूल भरी आंधी व कुछ इलाकों में बूंदाबांदी के बाद मौसम का मिजाज कुछ ठंड पड़ गया। तापमान में पांच डिग्री से अधिक गिरावट आने से भारी गर्मी व गर्म हवाओं से कुछ हद तक राहत मिल गई। आंधी के बाद कई गांवों में पेड़ व बिजली के पोल गिर गए, जिससे दो दर्जन से अधिक गांवों में लोगों को अंधेरे में रात बितानी पड़ी। शुक्रवार से तापमान में और कमी आने की संभावना जताई जा रही है।धूल भरी आंधी के कारण कई गांवों में बिजली के पोल व पेड़ गिर गए। आंधी काफी रफ्तार से आई थी। बिजली निगम के बावल व धारूहेड़ा सब डिविजन में लगभग 20 पोल गिर गए। दो दर्जन से ज्यादा गांवों में रात भर अंधेरा छाया रहा। आंधी के दौरान लगभग पूरे जिले में एक घंटे तक ब्लैकआउट की स्थिति बनी रही। आंधी बंद होने के बाद बिजली निगम ने फीडरों को बारी-बारी से चालू करना शुरू किया। इसके बावजूद 10 से ज्यादा फीडर फॉल्ट के चलते रात भर नहीं चल पाए। वीरवार सुबह के समय बिजली आपूर्ति पूरी तरह से सुचारू हो सकी। आंधी इतनी तेज रफ्तार से आई कि वाहन चालकों ने अपने वाहन सड़कों के किनारे खड़े कर दिए। उन्हें तेज आंधी के कारण पेड़ टूटकर गिरने की आशंका थी। आंधी के साथ कुछ इलाकों में फुव्वारें भी गिरीं, जिससे मौसम का मिजाज ठंडा पड़ गया। जिन गांवों में रात भर बिजली गुल रही, उनमें लोगों के इन्वर्टर ने भी काम करना बंद कर दिया था। इस कारण लोगों को भारी गर्मी में बिना पंखे या कूलर के ही सोना पड़ा। सुबह 10 बजे तक सभी गांवों में बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी गई। नौतपा इस बार 25 मई को सुबह 3.27 बजे से शुरू हो जाएगा। नौतपा में भारी गर्मी पड़ने की संभावना जताई जाती है। बीते साल नौतपा के दिनों में कई बार बारिश हुई थी। गत 8 दिनों से तापमान 45 डिग्री के आसपास चल रहा था। नौतपा शुरू होने के तीन दिन पहले वीरवार को अधिकतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस कम होकर 40.0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान भी 3.5 डिग्री की कमी के साथ 22.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।







रेवाड़ी। बुधवार रात को अंधड से सड़क पर गिरा पेड़, वीरवार को तेज धूप में बचाव करती जाती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

#### बिजली की खपत में आई कमी



*तापमान में कमी आने व आंधी के समय फीडर बंद रहने से बिजली की खपत में 20 लाख यूनिट से ज्यादा कमी दर्ज की गई है। अगर मौसम अनुकूल रहता है, तो ज्यादा दिक्कत नहीं रहेगी। तापमान 45 डिग्री के पार होने की स्थिति में बिजली की समस्या उत्पन्न सकती है।*

*-संजय यादव, एक्सईएन, एचवीपीएन।*

#### अभी और लुढ़क सकता है पारा

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल सकता है। 23 मई को भी बादलों के बीच कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हो सकती है। लगभग एक सप्ताह तक मौसम परिवर्तनशील बना रह सकता है, जिससे नौतपा के दिनों में तापमान अपेक्षाकृत कम रह सकता है। ज्योतिष के अनुसार नौतपा के दिनों में भारी गर्मी नहीं पड़ना मानसून के दिनों में कम बरसात या सूखे का कारण बन सकता है।

#### बिजली निगमों को बड़ी राहत

मौसम में बदलाव से हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम और दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम दोनों को काफी राहत मिली है। एक दिन पूर्व पारा चढ़ने के कारण बिजली की दैनिक खपत 90 लाख यूनिट के पार पहुंच गई थी। भारी गर्मी के कारण ट्रांसफार्मरों पर खराब होने का खतरा मंडरा रहा था। लोगों को फीडर ट्रिप होने से पावर कटों का सामना करना पड़ रहा था। तापमान गिरने से बिजली की खपत में 20 लाख यूनिट तक की कमी आने से दोनों निगमों को राहत मिली है।





नारनौल। अवैध खनन के मामले में पकड़ा गया ट्रैक्टर ट्रॉली। फोटो : हरिभूमि

## खनन विभाग की टीम ने 2 दिनों में 200 वाहनों की चेकिंग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार जिला प्रशासन महेंद्रगढ़ जिले में खनन कार्यों को पूरी पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित कर रहा है। पुलिस टीम को साथ लेकर जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने पिछले दो दिनों में 200 वाहनों की जांच की। इस दौरान अवैध खनिज के परिवहन व अवैध खनन के मामले में बापडोली गांव से एक वाहन जब्त किया गया। जिला खनन इंजीनियर डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग व उपायुक्त डॉ. विवेक भारती के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## चार साल बाद बरामद हुई चोरी की बाइक, दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

लगभग 4 साल पहले सरकुलर रोड पर एक अस्पताल के सामने खड़ी बाइक चोरी करने के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की गई है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। सिटी पुलिस को दर्ज शिकायत में मोहल्ला रामसरोवर निवासी दीपक ने बताया था कि वह 10 जून 2021 को नाईवाली चौक के पास सरकुलर रोड पर एक अस्पताल आया था। बाइक बाहर खड़ी करने के बाद वह अस्पताल के अंदर चला गया। कुछ समय बाद बाहर आया तो उसे बाइक नहीं मिली। काफी पूछताछ के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। सिटी पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के कांकर गांव निवासी ब्रह्म उर्फ राहुल व जिला झज्जर के गांव हुमायूपुर निवासी रविन्द्र उर्फ सन्नी को गिरफ्तार करते हुए चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में बाइक चोरी के आरोपी।

## मकान से लाखों की चोरी का आरोपी चार साल बाद काबू

■ कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जाटूसाना

नांगल पठानी में करीब 4 साल पहले हुई सेवानिवृत्त फौजी के घर लाखों रुपये की चोरी के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। गांव निवासी रिटायर्ड सैनिक जगदीश ने 10 अक्टूबर 2021 को पुलिस शिकायत में बताया था कि वह परिवार के साथ गुरूग्राम में रह रहा है। उसके पड़ोसी ने उसे फोन पर बताया कि गांव में उसके मकान के गेट का ताला टूटा हुआ है। इसके बाद वह अपने बेटे को लेकर तुरंत गांव पहुंच गया। चोरों ने गेट व मकान के कमरों के ताले तोड़े हुए थे। मकान के कमरे से चोर सोने नेकलेस, अंगूठी व काफी अन्य जेवरात चोरी कर ले गए थे। जाटूसाना थाना पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज किया था। अन्य आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले के एक आरोपी सोनीपत के लाठ गांव निवासी दीपक को अब गिरफ्तार किया गया है।


## ब्रास मार्केट में पड़े कचरे में लगी आग, चारों ओर धुआं फैलने से परेशान हुए लोग

■ सड़कों से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

एनसीआर सहित रेवाड़ी में ग्रेडेड एक्शन रिस्पांस प्लान यानि ग्रेप वन की पाबंदियां हटते ही आग लगाए जाने से शहर में कचरा धधकने लगा है। शहर में आम लोग ही नहीं, बल्कि कुछ सफाईकर्मी भी कचरे में आग लगाने में पीछे नहीं है। शहर में खुले में जगह-जगह कूड़ा जल रहा है।

शहर में लंबे समय से कचरा डंपिंग यार्ड बने हुए ब्रास मार्केट में पड़े कचरे में वीरवार को किसी ने आग लगा दी, जिससे कुछ ही समय में पूरे कचरे ने आग पकड़ ली और चारों तरफ धुआं फैल गया, जिससे सड़कों से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इतना ही नहीं जब लोगों ने कचरे में आग लगने की सूचना नगर परिषद को दी तो मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने आग बुझाने के लिए पास में पड़ा मलबा कचरे में डालना शुरू कर दिया, जिससे आग बुझने की बजाय धुआं ज्यादा फैल गया। मार्केट में पड़े कचरे में देर रात तक आग लगती रही।



रेवाड़ी। ब्रास मार्केट में पड़े कचरे में लगी आग से उठता धुआं। फोटो :हरिभूमि

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश बन चुका मजबूत और शक्तिशाली: प्रमिला

■ भारत माता के ऊपर आंख उठाने वालों को करारा सबक सिखाया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता और भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को नमन करने को लेकर भाजपा रेवाड़ी मंडल की ओर से वीरवार को यात्रा संयोजक पूर्व पार्षद व मंडल उपाध्यक्ष प्रमिला भार्गव व प्रदीप भार्गव की अगुवाई में कुतुबपुर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष समीर कालरा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। वार्ड की सभी गलियों में देशभक्ति गीतों के साथ निकाली गई यात्रा से माहौल देशभक्ति के रंगों से सरोबार रहा। रामपुरा चौक से प्रारंभ हुई यात्रा नारनौल रोड़, सैनी मोहल्ला, पांचावाला मोहल्ला होते हुए वार्ड के सभी हिस्सों से होकर गुजरी। इस मौके पर भाजपा रेवाड़ी मंडल अध्यक्ष समीर कालरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश को गौरवान्वित करने का कार्य किया है। पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को पूरी तरह ध्वस्त कर भारत ने अपनी ताकत का छोटा सा नजराना पेश किया है। देशवासियों को अपनी सेनाओं पर गर्व है। यात्रा संयोजक व पूर्व पार्षद प्रमिला भार्गव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आज पूरी तरह मजबूत और शक्तिशाली बन चुका है। आज दुश्मन को उसी की भाषा में जवाब दिया जा रहा है। भारत माता के ऊपर आंख उठाने वालों को करारा सबक सिखाया जा रहा है। सेना में मौजूद नारी शक्ति ने भी अपनी क्षमता का लोहा मनवाया है। पूर्व पार्षद प्रदीप भार्गव ने देश की सेनाओं के शौर्य तथा पराक्रम को सलाम किया। इस मौके पर कुसुमलता पार्षद, नीरज पार्षद, भाजपा नेत्री जयमाला कौशिक, संतोष यादव, एडवोकेट अजय रंगा, हरिसिंह सैनी, प्रमोद शर्मा, मास्टर श्रीभगवान, कैलाश वर्मा, राकेश भार्गव, सुबेदार पीसी शर्मा, कैप्टन प्रदीप यादव, सुबेदार अशोक शर्मा, पंडित किशनचंद, प्रताप टीटी, महेश शर्मा, रेवाड़ी भार्गव सभा के प्रधान राजीव भार्गव व प्रतीक भार्गव सचिव भार्गव युवा संघ सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। कुतुबपुर में तिरंगा यात्रा निकालते हुए लोग। फोटो :हरिभूमि

## मकान के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन से जान का खतरा



रेवाड़ी। चिमनावास में घर के ऊपर से गुजर रही बिजली की तार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

गांव चिमनावास में मकान के ऊपर से गुजर रही बिजली की हाइटेंशन लाइन से लोगों को खतरा बना हुआ है। इस संबंध में पाली पावर हाउस में कई बार लिखित व मौखिक शिकायत की जा चुकी, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया गया है। पीड़ति किसान ने अब सीएम विंडो पर शिकायत देकर बिजली लाइन को घर के ऊपर से हटाने की गुहार लगाई है। किसान महावीर यादव ने बताया कि उसके मकान के ऊपर से ट्यूबवेल लाइन गुजर रही है। इस लाइन को स्थानांतरित कराने के लिए वह पिछले दो सालों से बिजली निगम के चक्कर काट रहा है, लेकिन हर बार उसे आश्वासन ही मिल रहा है। महावीर यादव ने बताया कि मकान के एक हिस्से में उसने लोहे का टीनशेड डाल हुआ है। बिजली की तारे टीनशेड से मात्र एक इंच ऊपर से गुजर रही है, तेज हवा व बरसात में बिजली की तारे टीन से टच होने पर करंट का भय बना रहता है। उसने बताया कि बरसात के दिनों में 3-4 बार करंट भी आ चुका हैं। महावीर सिंह ने प्रशासन से समस्या का समाधान करने की मांग की है। क्षेत्र के लाइनमैन मनीष ने कहा कि तारों को स्थानांतरित करने का एस्टीमेट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजा हुआ है। जल्द ही किसान की समस्या का समाधान किया जाएगा।



नारनौल। समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनते एसडीएम रमित यादव। फोटो : हरिभूमि

## समाधान शिविर में कुल 53 शिकायतें आई

**नारनौल।** सरकार के दिशा निर्देशानुसार आमजन की शिकायतों का त्वरित गति से समाधान करने के उद्देश्य से लगाए जा रहे समाधान शिविरों की कड़ी में वीरवार को लघु सचिवालय में एसडीएम रमित यादव ने आमजन की शिकायतें सुनी। इस अवसर पर कुल 53 शिकायतें आई।

एसडीएम रमित यादव ने आमजन की शिकायतें सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित शिकायतों के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी प्रत्येक समस्या को पूरी गंभीरता के साथ समझें तथा उसका निश्चित अवधि के दौरान निराकरण भी करें। इस मौके पर डीएसपी हरदीप, बीडीपीओ रेणुलता के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## ट्यूबवेलों से केबल चोरी करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

■ पुलिस ने थाना जाटूसाना में चोरी का मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जाटूसाना

जाटूसाना थाना पुलिस ने ट्यूबवेलों से बिजली की केबल चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव जाटूसाना निवासी राकेश के रूप में हुई हैं। गांव जाटूसाना की ढाणी निवासी हरपाल गत 18 मई को सुबह जब अपने ट्यूबवेल गया तो बिजली की केबल गायब थी।

बाद में पता चला कि चोर उसके गांव के राकेश के ट्यूबवेल से भी बिजली केबल चोरी करके ले गया है। इसके अलावा गांव के हंसराज के ट्यूबवेल से भी मोटर खोलने की कोशिश की गई। पुलिस ने थाना जाटूसाना में चोरी का मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त एक आरोपी गांव जाटूसाना निवासी राकेश को गिरफ्तार कर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ट्यूबवेल से चोरी का आरोपी राकेश। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। कोसली में तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण।

### कोसली में भाजपा ने तिरंगा यात्रा निकाली

**कोसली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के जवाब में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा कोसली मंडल ईकाई की ओर से वीरवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में वीरता और देशभक्ति का नजारा देखने को मिला। तिरंगा यात्रा गांव के शहीद आकाश पायलट चौक से आरंभ होकर कोसली स्थित शहीद स्मारक तक पहुंची। तिरंगा यात्रा में बच्चे, युवा और बुजुर्ग हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति के जोश से लबरेज नजर आए। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम् के गगनभेदी नारे गूंजते रहे। भाजपा मंडल अध्यक्ष अनूप सिंह ने कहा कि पाक ने एक बार फिर अपने नापाक इरादों के तहत भारतीय महिलाओं के सिंदूर को उजाड़ने की हिमाकत की, जिसका करारा जवाब हमारी वीर सेना ने दिया। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारतीय सैनिकों ने आतंकवादियों को उन्हीं के घर में घुसकर मारा।

सवारियों को सुविधा देने के लिए विभाग ने उठाया कदम

# इंदौर से रेवाड़ी डिपो पहुंची दस एसी बसें लंबे रूटों पर सुगम होगा यात्रियों का सफर

रेवाड़ी डिपो में किलोमीटर स्कीम सहित 157 पर पहुंची बसों की संख्या,सिटी सेवा के रूप में पांच इलेक्ट्रिक बसों का भी हो रहा संचालन





रेवाड़ी। रोडवेज वर्कशॉप में खड़ी एसी बसें। व वीरवार को वर्कशॉप में एंट्री करती एसी बस। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

रोडवेज डिपो को लंबे समय बाद दस नई एसी बसें मिली है। एसी बसों के मिलने से लंबे रूट पर यात्रियों का सफर सुगम होगा। ये एसी बसें इंदौर मध्यप्रदेश से लाई गई है। हरियाणा में इंदौर से 300 एसी बसें मंगवाई गई हैं, जिसमें 150 बसें पहले आ चुकी थी बाकी 150 बसें प्रदेश के अलग-अलग जिलों में भेजी गई है। रेवाड़ी डिपो को 10 एसी बसें मिलने से बसों की संख्या 157 हो गई है, जिसमें 35 बसें किलोमीटर स्कीम की है। इसके अलावा 5 इलेक्ट्रिक सिटी बसों का भी संचालन किया जा रहा है। एसी बसों को चंडीगढ़, हरिद्वार, आगरा व कटरा सहित लंबे रूटों पर चलाया जाएगा, जिसके लिए बसों के रूट व टाइम-टेबल तैयार किया जा रहा है। अभी बसों के संचालन में एक सप्ताह का समय लगेगा। कागजातों की पूर्ति व परमिट मिलने के बाद एसी बसों का संचालन किया जाएगा।

### ये सुविधाएं होगी

रेवाड़ी डिपो में पहुंची एसी बसों में 49 सीटें है तथा खड़े रहने के लिए भी खुली जगह है। इन बसों में प्रत्येक सीट के पास मोबाइल चार्ज करने के लिए चार्जिंग प्वाइंट लगे हुए है। इसके अलावा सीट के पास इमरजेंसी स्विच लगे हुए है। किसी भी आपातकालीन स्थिति में यात्री स्विच दबाकर बस को रुकवा सकता है। एसी बसों में मेडिकल किट, सीसीटीवी कैमरे व एलईडी की भी सुविधा है। लंबे रूट के यात्रियों के लिए एसी बसें गर्मी में काफी राहत देंगी।

### रूट मैप तैयार

रोडवेज डिपो में 10 एसी बसें आने से काफी हद तक परेशानी दूर हो गई है। इन बसों को चंडीगढ़-हरिद्वार जैसे लंबे रूटों पर चलाया जाएगा। एसी बसों का कागजात पूर्ति के बाद संचालन किया जाएगा। बसों का रूटमैप व टाइम टेबल तैयार किया जा रहा है।

### अब भी बीस बसों की कमी

रेवाड़ी डिपो को अभी भी 20 के करीब बसों की जरूरत है, क्योंकि रेवाड़ी डिपो का निर्धारित बेड़ा 177 बसों का है। एसी बसें मिलने के बाद डिपो में कुल 157 बसें हो गई है। डिपो में दस एसी बसों को जोड़कर 122 बसें हरियाणा रोडवेज व 35 बसें किलोमीटर स्कीम की है। इसके अलावा 6 बसें ट्रेनिंग में काम में ली जा रही है तथा सिटी सेवा के रूप में बावल व धारूहेड़ा रूट पर 5 इलेक्ट्रिक बसें भी चल रही है। डिपो में 179 चालक व 251 परिचालक कार्यरत है, जिसमें स्टाफ की कमी के कारण कई परिचालक कार्यालय में काम संभाल रहे है, लेकिन अब बसों की संख्या बढ़ने से चालक व परिचालकों की भी जरूरत पड़ने वाली है।



रेवाड़ी। आईजीयू में शिक्षकों की बैठक लेते हुए कुलसचिव।


# आईजीयू में कुलसचिव ने शिक्षकों से मांगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने सभी विभाग अध्यक्षों, डीन एवं शिक्षकों के साथ मीटिंग की, जिसमें विश्वविद्यालय में भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई व सुझाव मांगे गए। कुलसचिव ने कहा कि विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धमार्णी के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय को आगे ले जाने में सभी को बढ़-चढ़कर अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य फोकस अकेडमिक एवं अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने में होना चाहिए। इसके अतिरिक्त परीक्षाओं के समय पर परिणाम घोषित करने, डीएमसी देने और छात्रों की हर संभव सहायता एवं मार्गदर्शन पर सुझाव मांगे गए। उन्होंने कहा कि आगे की अकेडमिक योजना को अभी से तैयार करने की आवश्यकता है ताकि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत जिस प्रकार से विद्यार्थियों के कौशल विकास की बात की गई है,उसको वास्तविक रूप में लागू किया जा सके। इसमें विद्यार्थियों के कौशल विकास, कोर्स व इंटर्नशिप पर मुख्य रूप से फोकस करके उनके कौशल को निखारा जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त अकेडमिक इंडस्ट्री मीट पर फोकस किया जाना चाहिए ताकि भविष्य में इंडस्ट्री ओरिएंटेड सिलेबस बनाए जाएं एवं विद्यार्थियों को कैंपस में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं जा सके। उन्होंने नेक के नए क्राइटेरिया के अनुरूप सभी विभागों एवं ब्रांचों को तैयारी करने एवं संबंधित डाटा को अपडेट करने के निर्देश भी दिए। मीटिंग में अधिष्ठाता प्रोफेसर विजय कुमार, डीन ऑफ कॉलेज प्रोफेसर रविंद्र, प्रोफेसर तेज सिंह, डॉ. सतीश मौजूद रहे।

# लूट के मंसूबे से अवैध हथियार रखने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



- आरोपी की पहचान जिला रोहतक के गांव अटाल निवासी अक्षय उर्फ रोहित के रूप में हुई, पुलिस जांच में जुटी

रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी अक्षय उर्फ रोहित। फोटो : हरिभूमि

सदर थाना पुलिस ने लूट की योजना के मंसूबे से अवैध हथियार रखने के मामले में संलिप्त एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला रोहतक के गांव अटाल निवासी अक्षय उर्फ रोहित के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत 3-4 फरवरी की रात्रि को पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव गंगायाचा अहीर के पास एक गाड़ी में दो संदिग्ध युवक मौजूद है। सूचना पर पुलिस ने आरोपियों को काबू करके नाम पता पूछा तो उन्होंने अपना नाम भूपेन्द्र निवासी कंवर सिंह कॉलोनी जिला झज्जर व सोनू निवासी गांव भिंडावास जिला झज्जर बताया। गाड़ी की तलाशी लेने पर एक अवैध देशी कट्टा व एक जिंदा रोंद बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने बताया था कि वे अपने साथी अजय उर्फ बाबा, अक्षय उर्फ ब्रटली व अक्षय उर्फ रोहित के साथ मिलकर लूट की योजना के मंसूबे से यहां आए थे। पुलिस ने शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त चार आरोपी जिला झज्जर की कंवर सिंह कॉलोनी निवासी भूपेन्द्र, गांव भिंडावास निवासी सोनू, जिला रोहतक के गांव सुनारिया खुर्द निवासी अजय उर्फ बाबा व जिला रोहतक के गांव अटाल निवासी अक्षय उर्फ ब्रटली को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने बुधवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी जिला रोहतक के गांव अटाल निवासी अक्षय उर्फ रोहित को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### ट्रक की चपेट में आने से से पिकअप चालक की मौत

**धारूहेड़ा** बस स्टैंड फ्लाईओवर पर पिकअप गाड़ी का टायर बदल रहे चालक की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। ट्रक चालक हादसे के बाद मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। नूंह के सालासेड़ी निवासी अनवर बुधवार की रात महेंद्रगढ़ के सतनाली से पिकअप गाड़ी में मुर्गे भरकर दिल्ली के लिए चला था। उसके साथ दूसरी गाड़ी में उसका चचेरा भाई अनवर भी चल रहा था। वीरवार सुबह पिकअप फ्लाईओवर पर पहुंची तो उसका टायर पेंचर हो गया। अनवर पिकअप गाड़ी साइड में लगाकर टायर बदल रहा था। इसी दौरान जयपुर की ओर से आ रहे एक ट्रक ने पिकअप को टक्कर मार दी। पिकअप से स्टपनी टायर निकाल रहा अनवर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अनवर को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

# बिजली आपूर्ति बाधित होने से परेशान लोग, ट्रांसफार्मर बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोसली



रेवाड़ी। समाधान शिविर में लोगों की सुनवाई करते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

कोसली उपमंडल सचिवालय में वीरवार को एसडीएम विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कोसली रेलवे स्टेशन के सामने बसी आस्था कॉलोनी के निवासी विनय कुमार, मामराज, सरोज व महेश ने बताया कि उन्हें इन दिनों बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में विद्युत आपूर्ति बाधित रहने की वजह से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। कॉलोनी में एक ही ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, जिस पर लोड ज्यादा होने के कारण पावर कट लगते रहते हैं। उन्होंने आस्था कॉलोनी में एक और ट्रांसफार्मर स्थापित करने की मांग की। बिजली निगम के अधिकारियों ने निवासियों को समस्या का स्थाई समाधान करने का आश्वासन दिया। गांव नाहड़ निवासी सविता ने बताया कि जमीनी विवाद के कारण उसका चार-पांच लोगों के साथ कोर्ट में केस चल रहा है। आरोपी पक्ष उसकी जमीन पर दुकान का निर्माण कर रहे हैं। उन्हें रोकने की कोशिश की तो ये लोग झगड़ा करने पर उतारू हो गए। महिला ने व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। उनकी शिकायत को डीएसपी कोसली के पास भेजा गया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी सचिन। फोटो : हरिभूमि

### नशा बेचते आरोपी काबू, 2.3 किलो गांजा बरामद

**बावल।** गुर्जरी माजरी के पास कार में रखकर नशीला पदार्थ गांजा बेच रहे एक आरोपी को पुलिस ने 2.3 किलोग्राम गांजा सहित गिरफ्तार कर लिया। गांजा व कार को कब्जे में लेने के बाद आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गुर्जर माजरी निवासी सचिन नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करता है। वह गुर्जर माजरी से थोड़ा आगे अपनी गाड़ी में नशीला पदार्थ गांजा बेचने की फिराक में बैठा हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर जाकर उसे काबू कर लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में डीएसपी सुरेंद्र श्योराण को मौके पर बुलाया गया। कार की तलाशी के दौरान एक बैग मिला, जिसमें 2 किलोग्राम 300 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

# दो साल से लिफ्ट बंद होने की समस्या से जूझ रहे सोसायटी के लोग, समाधान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



- बिल्डर व आरडब्ल्यूए को कई बार दे चुके शिकायत, अब लिफ्ट बंद होने पर पुलिस की सहायता लेने का लिया फैसला

रेवाड़ी। ईडन गार्डन सोसायटी में बंद पड़ी लिफ्ट। फोटो : हरिभूमि

गढ़ी बोलनी रोड सेक्टर-26 स्थित ईडन गार्डन सोसायटी के निवासियों को बिल्डर व आरडब्ल्यूए की लापरवाही के कारण दो साल से लिफ्ट बंद होने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। रोजाना 2 से 3 बार लिफ्ट बंद होने से लोग फंस जाते हैं। इसके बाद सोसायटी निवासियों को 20 से 30 मिनट तक मदद नहीं मिल पा रही है। रोजाना लगभग सभी टावर में लिफ्ट बंद हो जाती है, जिससे खासकर महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गो को परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। सोसायटी निवासी अभिषेक झांब, नवीन खोला, प्रेमनाथ गेरा, सतीश सैनी व सतीश डागर ने बताया कि लिफ्ट बंद रहने पर बच्चों को स्कूल जाने के लिए बहुमंजिला इमारतों की सीढियों से उतरकर नीचे आना पड़ता हैं।

इस संबंध में सोसायटी निवासी बिल्डर और आरडब्ल्यूए को कई बार शिकायत भी दे चुके है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। निवासियों ने बताया कि उनकी सोसायटी में सात टॉवर है, जिनमे 14 लिफ्ट लगी हुई हैं

और अधिकतर लिफ्ट का लिफ्ट एक्ट में रजिस्ट्रेशन भी नहीं हैं, हर टॉवर में आए दिन एक दो लिफ्ट खराब ही रहती है। इसके साथ ही कभी तो दोनों लिफ्ट ही काम नहीं करती हैं, जिसके कारण सोसायटी वासियों को रोजाना 13-14 मंजिल से सीढ़ियों से नीचे तक आना पड़ता है। सोसायटी निवासियों ने अब लिफ्ट बंद होने पर पुलिस की सहायता लेने का फैसला लिया है।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते हुए डीसी, एसपी व एडीसी फोटो : हरिभूमि

### पानी और पेंशन की समस्याओं पर सुनवाई हुई

**रेवाड़ी** जिला प्रशासन की ओर से वीरवार को समाधान शिविर लगाया गया। डीसी अभिषेक मीणा ने एसपी हेमेंद्र मीणा व एडीसी अनुपमा अंजलि के साथ आमजन की शिकायतों को सुनकर निराकरण किया। शिविर में जल आपूर्ति, पेंशन, भूमि संबंधी विवाद, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं सहित पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतें आई, जिनकी सुनवाई कर डीसी ने अधिकारियों को निदान करने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीसी ने कहा कि शिविर में लोगों की समस्याओं का निवारण करने के साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया जा रहा है। इस अवसर पर डीएमसी राहुल मोदी, प्रशिक्षु आईएएस रूहानी, एसडीएम सुरेन्द्र सिंह, सीटीएम प्रीति रावत, डीएसपी विनोद शंकर, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सारवान व जिला राजस्व अधिकारी प्रदीप देशवाल मौजूद रहे।

**सख्ती** ईंट भट्ठों, झुग्गी-झोपड़ियों व संदिग्ध स्थानों पर पहुंची टीम, पहचान पत्रों की जांच

# पुलिस ने रोहिंग्या व बांग्लादेशियों की धर-पकड़ के लिए चलाया सर्च अभियान

अभियान के तहत पुलिस ने संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की तथा वाहनों के कागजातों की भी जांच की



रेवाड़ी। ईट-भट्ठे पर लोगों के पहचान पत्रों की जांच करती पुलिस। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से सभी थाना क्षेत्र में अलग-अलग टीम गठित करके अनाधिकृत रूप से रहने वाले रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों का पता लगाने के लिए विशेष सर्च अभियान चलाया हुआ है। पुलिस अधीक्षक हेमंद्र कुमार मीणा ने सभी थाना प्रभारियों को रोहिंग्या व बांग्लादेशियों की धर-पकड़ के लिए सख्त निर्देश दिए हुए है। वीरवार को जिला पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर स्थित ईंट भट्ठों, झुग्गी-झोपड़ीयों व अन्य संदिग्ध स्थानों पर सर्च अभियान चलाकर अवैध तरीके से रहने वाले बांग्लादेशी, विदेशी नागरिक, रोहिंग्या व संदिग्ध लोगों की जांच की। इस दौरान पुलिस टीम ने वहां पर रह रहे बाहरी श्रमिकों की भी जानकारी लेकर उनके पहचान पत्र जांचे। अभियान के तहत पुलिस ने संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की तथा वाहनों के कागजातों की भी जांच की।

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि जिले में अनाधिकृत रूप से किसी को भी रहने की छूट नहीं है। जिला पुलिस बाहरी लोगों की पहचान के लिए विशेष अभियान चला रही है और यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। जिले में जो भी लोग बाहर से आकर रह रहे हैं, उनकी पहचान करना अत्यंत आवश्यक है। जिलावासियों की सुरक्षा की दृष्टि से यह कदम उठाए जा रहे हैं। एसपी ने सभी थाना प्रबंधकों को अपने-अपने क्षेत्र में अप्रवासी रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान करके उनको वापस भेजने की प्रक्रिया अमल में लाने के निर्देश दिए है।

### एसपी ने शहरवासियों से भी की अपील

पुलिस कप्तान हेमेंद्र मीणा ने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने पास काम करने वाले या किराए पर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पुलिस वेरिफिकेशन जरूर कराएं, ताकि अपराधी का पता चल सकें। अगर भविष्य में कोई व्यक्ति ऐसा नहीं करता तो उसके खिलाफ भी पुलिस की ओर से कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने सभी ईट-भट्ठा मालिकों तथा अन्य व्यावसायिक संस्थानों से भी काम करने वाले मजदूरों और कर्मचारियों का पूरा ब्योरा अपने पास रखने व पुलिस को भी सूचित करने की अपील की है।

### पंचायत उप चुनाव के दिन रहेगा पेड होली-डे

रेवाड़ी। जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव के दिन 15 जून को हरियाणा सरकार के मतदाता के रूप में पंजीकृत कर्मचारियों के लिए पेड होली-डे रहेगा। कर्मचारियों को मतदान के दिन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135-बी के तहत सवैतनिक अवकाश की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135-बी के तहत फैक्टिरियों, प्राइवेट व्यवसायिक संस्थानों व दुकानों में भी मतदान के दिन, जहां मतदान होना है, उस क्षेत्र के में पंजीकृत कर्मचारियों के लिए भी पेड होली-डे रहेगा। डीसी मीणा ने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला रेवाड़ी की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 22 पंच पद, एक सरपंच व एक सदस्य पंचायत समिति पद के लिए उप चुनाव 15 जून को सुबह 8 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक होंगे। उन्होंने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के पंच, सरपंच व पंचायत समिति के उप चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 24 मई से शुरू होगी, जो 30 मई तक सुबह 10 बजे से लेकर शाम 3 बजे तक जारी रहेगी। मतदान केंद्रों पर मतदान समाप्ति के तुरंत बाद मतगणना की जाएगी और मतगणना पूरी होने के तुरंत बाद परिणाम घोषित किया जाएगा।

**सूचना**

मैं, ताराचंद पुत्र श्री मांगे लाल निवासी गांव लिसाना तहसील व जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र पवन मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण हुआ गंभीर, स्वास्थ्य विभाग बेखबर

# फलों के रूप में बिक रहा जहर, घातक केमिकल का खुलकर इस्तेमाल

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण एफएसएसआई की ओर से हाल ही में सभी राज्यों से फलों को पकाने वाले तत्वों और सिंथेटिक केमिकल के लेप के इस्तेमाल पर रोक लगाने की अपील की गई है। शहरों से लेकर गांव तक में फलों को पकाने के लिए घातक रसायनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे फलों का इस्तेमाल लोगों को गंभीर बीमारियां परोसने का कारण बन रहा है, परंतु स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस मामले में ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। सर्वाधिक इस्तेमाल कैल्सियम कार्बाइड का हो रहा है, जो मनुष्य के शरीर में घातक बीमारियां पैदा करने का काम करता है। एफएसएसआई की ओर से कृत्रित तरीके से फलों को पकाने के लिए घातक रसायनों के इस्तेमाल को गंभीरता से लिया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस तरह से फल पकाने वाले लोगों के खिलाफ कभी भी व्यापक स्तर पर एक्शन नहीं लिया गया है, जिससे घातक रसायनों का खुलकर इस्तेमाल हो रहा है। जानकार सूत्रों के अनुसार थोक फल विक्रेता ज्यादातर फल पकाने के लिए कैल्सियम कार्बाइड का इस्तेमाल करते हैं। इस समय गर्मी का पसंदीदा फल आम इसी केमिकल से पकाया जा रहा है। कैल्सियम कार्बाइड ऐसा रसायन है, जो शरीर में गंभीर बीमारियां पैदा कर सकता है। इसके इस्तेमाल से फल दो से तीन दिन में पककर तैयार हो जाते हैं, जबकि प्राकृतिक विधि से फल तैयार करने में काफी समय लग जाता है। कम समय में मोटी कमाई करने के लालच में केमिकल से फल पकाकर फल विक्रेता मानव शरीर से खिलवाड़ करने में लगे है। विशेषज्ञों के अनुसार कार्बाइड में बहुत गर्मी होती है, इसलिए इसे शरीर के लिए घातक तत्व माना जाता है। कई खतरनाक बीमारी भी पैदा होती हैं। खाद्य-पदार्थों में कैल्सियम कार्बाइड का उपयोग गैर कानूनी है। इसके इसके बावजूद सब्जी मंड़ियों में इसका उपयोग काफी अधिक हो रहा है।



रेवाड़ी। एक आम की पेटी में रखे केमिकल पाउडर के पाउच तथा केमिकल से तैयार केलों पर मौजूद काले रंग के निशान।

### केमिकलयुक्त पानी में पक रहा केला

केले को परंपरागत तरीके से पकाने के लिए उसे गोदाम में बर्फ की सिल्लियों पर रखा जाता है। इस तरह से केला पकाने में एक सप्ताह तक का समय लग जाता है। फल व्यापारी केले को जल्द पकाने के लिए हरे फलों पर कट लगाकर उन्हें केमिकलयुक्त पानी के ड्रम में डालते हैं। केमिकल से केला एक रात में ही पककर तैयार हो जाता है। इस तरह से पकाए गए केलों पर कट के स्थान पर काले निशान साफ तौर पर देखे जा सकते हैं। केमिकल से पके हुए केलों का इस्तेमाल शरीर में बीमारियां परोसने का काम करता है।

### सुंदर दिखाने के लिए केमिकल की परत

फलों को सुंदर और पके हुए दिखाने के लिए केमिकल की परत का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे फल अंदर से भले ही पके हुए नहीं हों, परंतु बाहर से पूरी तरह पके हुए दिखाई देते हैं। ऐसे केमिकल से आम के साथ-साथ केले, चीकू, अंगूर, पपीता व कई अन्य दूसरे फल बाहर से पूरी तरह पके हुए नजर आते हैं, जिससे ग्राहक ऐसे फलों की ओर आकर्षित होते हैं। ऐसे फल शरीर को तंदुरुस्त बनाने में मददगार साबित होने की बजाय धीमा जहर घोलने का कारक बन रहे रहे हैं। तत्कालिक नुकसान नजर नहीं आता, परंतु धीरे-धीरे यह केमिकल शरीर को नुकसान पहुंचाना शुरू कर देते हैं।

### शरीर को घातक बीमारियों का खतरा

चिकित्सकों के अनुसार गैस और कार्बाइड से पके हुए फलों का उपयोग लगातार करने से याददाश्त पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। धीरे-धीरे मनुष्य की याददाश्त कमजोर होने लगती है। कार्बाइड से पकाने से फलों में विटामिन की मात्रा काफी कम हो जाती है। इससे फल से होने वाले फायदे नजर नहीं आते हैं। आम लोग फलों के साथ मीठा जहर खा रहे हैं, जो धीरे-धीरे शरीर में जमा होकर कैंसर, लकवा, दिल की बीमारियां व विकलांगता जैसे रोगों को आमंत्रित करने का काम कर रहा है।

### फलों के इस्तेमाल में सावधानियां

- फलों को खरीदते समय उस पर लगे पाउडर को जरूर देखें।
- फलों को इस्तेमाल करने से पहले काफी देर तक पानी में डालें।
- अगर केले पर काले रंग के कट के निशाने हों तो उसे नहीं खरीदें।
- ज्यादा सुदंर नजर आने वाले फसलों को खरीदने से बचें।
- काले निशान वाले आम के फल का उपयोग करने से बचें।

### कई स्थानों पर की जा चुकी छापेमारी

स्वास्थ्य विभाग की ओर से घातक रसायनों से फल पकाने वाले लोगों के यहां छापेमारी की जा चुकी है। इनमें ज्यादातर इथाइनिल ऑक्साइड का इस्तेमाल करते हुए पाए गए हैं। एफएसएसआई ने इस केमिकल के इस्तेमाल को मंजूरी दी हुई है। कार्बाइड का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ जल्द कार्रवाई शुरू की जाएगी।
-डा. राजेश वर्मा, एफएसओ।

## खबर संक्षेप

### बिजली की नई लाइन के तार चोरी

**कोसली।** बिजली सब डिविजन के तहत जखाला फीडर के लिए खींची जा रही 33 केवी बिजली लाइन से लगभग 4 हजार मीटर तार चोरी हो गए। निगम के एसडीओ ने पुलिस शिकायत में बताया कि इस लाइन का लगभग 80 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। चोर लाइन से 150 एमएम मोटाई के तार चोरी कर ले गए। चोरी किए गए तारों की कीमत हजारों रुपये है। पुलिस ने निगम अधिकारी की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। इससे पूर्व कारोली के आसपास भी चोर बड़ी लाइन के तार व सामान चोरी कर चुके हैं।

### मारपीट मामले में दोनों आरोपी गिरफ्तार

**जाटूसाना।** आशियाकी गोरावास में खेत में पानी लगा एक किसान पर 20 मई को हमला करने के दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस बयान में राजेंद्र ने बताया कि वह करावरा रोड पर अपने खेत में पानी लगा रहा था। वहां राजबीर और जितेंद्र भी बैठे हुए थे। उसने आरोप लगाया कि खेत के दूसरे छोर की ओर जाते समय मनोज और विकास ने उसका रास्ता रोक लिया। दोनों ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### कार की चपेट में आकर एक घायल

**रेवाड़ी।** बूढ़पुर बस स्टैंड पर कार की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। सेंट्रल स्कूल का रिटायर्ड कर्मचारी सुरेश कुमार गांव के बस स्टैंड पर दवा लेने के लिए आया था। जब वह बस स्टैंड पर पहुंचा तो रेवाड़ी की ओर से जा रही कार ने उसे टक्कर मार दी। इससे सुरेश सड़क पर गिरकर घायल हो गया। चालक एक बार कार रोकने के बाद मौके से फरार हो गया। परिजनों ने सुरेश को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद कार चालक की तलाश शुरू कर दी।

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने ओम नगर में एक कंपनी के पीछे शराब बेच रहे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति कंपनी के पीछे मुर्गा रखने के पिंजरे में शराब रखकर बेच रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां मौजूद एक व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा करते हुए उसे काबू कर लिया। पिंजरे में रखे प्लास्टिक के कट्टे से 44 पव्वे शराब बरामद हुई। आरोपी गरीब नगर का रहने वाला कृष्ण है। पुलिस ने उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

### हादसों के आरोपी वाहन चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर हादसों को अंजाम देने के आरोपी दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। सदर थाना क्षेत्र में 19 मई को हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने बेरली कलां निवासी वाहन चालक जयप्रकाश को गिरफ्तार किया है। कसोला क्षेत्र में ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत के बाद 29 मार्च को दर्ज किए गए केस में छुरियावास निवासी मोनू को ट्रैक्टर सहित काबू किया गया है। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### एक्साइज एक्ट के तहत आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने 12 मई वाल्मीकि मोहल्ला में बरामद की गई शराब के बाद फरार हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सूचना के आधार पर रोक्की के घर पर छोपमारी की थी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने उसके घर से 29 बोतल शराब बरामद की थी। आरोपी पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब हो गया था। उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपी रोक्की को गिरफ्तार कर लिया। उसे तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

## बच्चों को ऑनलाइन गेम खिलाकर ठगी करने का आरोपी दबोचा

- पैसे 20 दिन में डबल करने का लालच देते हुए क्वाइन खरीदने के लिए घर से पैसे लाने को कहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

थाना धारूहेड़ा पुलिस ने एक सोसायटी में स्कूली बच्चों को मोबाइल की दुकान पर ऑनलाइन गेम खिलाकर लाखों रुपये की ठगी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

एसपी को दर्ज शिकायत में धारूहेड़ा की एक सोसायटी में रहने वाली राखी गुप्ता ने बताया था कि वह ब्यूटी पार्लर का कार्य करती है, जबकि उसके पति की कॉस्मेटिक्स की दुकान है। उसका बेटा प्राइवेट स्कूल में 9वीं कक्षा में पढ़ रहा है। स्कूल के बाद उसका बेटा ट्यूशन पढ़ने के लिए जाता है। गत 18 फरवरी को जब वह अपनी अलमारी चेक कर रही थी, तो उसे घर में रखे 1.30 लाख रुपये नहीं मिले। घर पर वह, उसका पति और बेटा ही रहते हैं। उसने बेटे से सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि सोसायटी में मोबाइल की दुकान चलाने वाला विनोद कुमार उसे और दूसरे स्कूली बच्चों को ऑनलाइन गेम खिलाता है। बच्चों को पैसे डबल करने का लालच देता है। उसे भी पैसे 20 दिन में डबल करने का लालच देते हुए क्वाइन खरीदने के लिए घर से पैसे लाने को कहा था। उसके बहकावे में आकर उसने यह राशि विनोद को दी थी।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी का आरोपी।

### एसपी के आदेश पर दर्ज हुआ था केस

एसपी ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। उनके आदेश पर पुलिस ने विनोद के खिलाफ गत 21 अप्रैल को बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। केस दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

## सात माह पहले हुई थी लाखों की चोरी, पता लगाने में पुलिस रही नाकाम, सबूत ही गायब करने का आरोप

- पीड़ित ने एसपी से मिलकर की चोरों का पता लगाने की मांग, सीएम से मिलकर भी की जा चुकी फरियाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गोठड़ा टप्पा डहीना में गत वर्ष हुई लाखों रुपये के जेवरात चोरी की वारदात में पुलिस चोरों का पता लगाने में नाकाम साबित हुई है। पुलिस को दिए गए साक्ष्य का पैन ड्राइव ही गायब करने का आरोप लगाया गया है।

पीड़ित ने एसपी एचके मीणा से मिलकर चोरों का पता लगाने व चोरी किया गया माल बरामद करवाने की मांग की है। एसपी ने मामले की नए सिरे से जांच कराने का आश्वासन दिया है। पीड़ित सीएम नायब सिंह सैनी तक से मिलकर चोरी की वारदात का खुलासा कराने की मांग कर चुका है, परंतु पुलिस अभी तक चोरों का पता नहीं लगा पाई है।

वीरवार को एसपी से मिले गोठड़ा निवासी धीरज ने बताया कि उसके घर से चोर गत वर्ष 8 अक्टूबर की रात 2.10 लाख रुपये, सोने के चार कड़े, दो सोने की चेन, दो सोने की लॉकेट, सात अंगूठियां व कई अन्य जेवरात चोरी कर ले गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करते हुए वीडियोग्राफी भी कराई थी। पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की वारदात दर्ज थी, जिसकी फुटेज उसने पुलिस को मुहैया कराई थी। धीरज ने आरोप लगाया कि जांच अधिकारी अमरजीत ने चोरों को पकड़ने की दिशा में गंभीरता से कदम नहीं उठाए।

अमरजीत उस पैन ड्राइव के गायब होने की बात कर रहा है, जिसमें चोरी के साक्ष्य दिए गए थे। एसपी को दर्ज शिकायत में धीरज ने चौकी प्रभारी पर भी आरोप लगाया कि उनका कहना है कि पुलिस सिर्फ उसी के लिए नहीं बैठी है। उसने एसपी से मामले की जांच कराते हुए चोरी का माल बरामद कराने की गुहार लगाई है। धीरज ने बताया कि एसपी ने उसकी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामले की नए सिरे से जांच कराने का आश्वासन दिया है।


रेवाड़ी। सीएम नायब सिंह सैनी से मिलते हुए पीड़ित धीरज। (फाइल फोटो)

### हर स्तर पर की जा चुकी चोरी की जांच

डहीना चौकी प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि चोरी की वारदात को सुलझाने के लिए पुलिस की ओर से भरसक प्रयास किए गए हैं। सीआईए भी मामले की जांच कर चुकी है। इसके बावजूद पुलिस को चोरों का सुराग नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि जो पैन ड्राइव आईओ अमरजीत को दी गई थी, वह अभी भी पुलिस की फाइल में सुरक्षित है। केस सुलझाने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।

## साइबर ठग बना एसएचओ ट्रांसपोर्टर को लगाया चूना

- फोन करने वाले ने उसे 44700 रुपये की ठगी का शिकार बना दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर ठग लगातार ठगी की वारदातों को अंजाम देने में कामयाब हो रहे हैं। एक साइबर ठग ने आसलवास के ट्रांसपोर्टर को एसएचओ बनकर ठगी का शिकार बना दिया। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में आसलवास निवासी नरेंद्र ने बताया कि उसका ट्रांसपोर्ट का काम है। उसके पास कई गाड़ियां हैं, जो विभिन्न शहरों में चलती हैं। गत 15 मई को उसके पास एक अनजान नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले खुद को एसएचओ बताते हुए उसकी एक गाड़ी के नोएड़ा से निकलने की बात कही। उसकी गाड़ी का नंबर बताते हुए फोन करने वाले ने कहा कि इस गाड़ी से नोएडा में तीन एक्सिडेंट हुए हैं। वह एसएचओ होने के नाते मामले में समझौता करा सकता है। चूंकि उसकी गाड़ी नोएडा जाती रहती हैं, इसलिए उसे फोन करने वाले की बात पर भरोसा हो गया। उसने फर्जी एसएचओ के फोन-पे नंबर पर अपने मोबाइल से 22 हजार व अपने दोस्त के मोबाइल से 22700 रुपये ट्रांसफर कर दिए।

बाद में जब उसका चालक से संपर्क हुआ, तो पता चला कि उसकी गाड़ी से कोई एक्सिडेंट नहीं हुआ था। फोन करने वाले ने उसे 44700 रुपये की ठगी का शिकार बना दिया।

## पुलिस के सर्च आपरेशन में ईंट भट्टे से 12 बांग्लादेशी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान करने के लिए पुलिस विभाग की ओर से शुरू किए गए सर्च अभियान के तहत वीरवार सायं बावल थाना पुलिस ने एक ईंट भट्टे से 12 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ केस दर्ज कराने की प्रक्रिया चल रही थी। पुलिस को गुमराह करने के आरोप में भट्टा मालिक के खिलाफ भी केस दर्ज करने का निर्णय लिया गया है। पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान और धरपकड़ के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू किया हुआ है। पुलिस ने सभी भट्टा मालिकों को उनके भट्टों पर रहने वाले विदेशी नागरिकों की जानकारी पुलिस को देने के लिए कहा गया था। नरसिंहपु गढ़ी के ईंट भट्टा मालिक ने पुलिस को बताया था कि उसके भट्टे पर कोई विदेशी नागरिक नहीं रहा है। जब पुलिस भट्टे पर पहुंची तो वहां 2 पुरुष, 2 महिला व 8 बच्चे पाए गए। इन्हें डिपोर्ट करने के लिए पुलिस बावल थाने ले गई। उनके खिलाफ केस दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही थी। अभी तक जिले में आईबी 60 बांग्लादेशी नागरियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर चुकी है।



### भट्टा मालिक के खिलाफ भी होगा एक्शन

चूंकि भट्टा मालिक ने पुलिस को उसके भट्टे पर विदेशी नागरिक होने की बात से मना करते हुए गुमराह किया था, इसलिए पुलिस ने भट्टा मालिक के खिलाफ भी केस दर्ज करने का निर्णय लिया है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि भट्टा मालिकों से लेकर दूसरे लोगों तक से यह अपील की गई है कि अगर उनके पास कोई विदेशी नागरिक रह रहा है, तो वह इसकी सूचना पुलिस को दें। सूचना नहीं देने के बाद अगर कहीं कोई विदेशी नागरिक मिलता है, तो पुलिस आश्रय देने वाले व्यक्ति के खिलाफ भी कार्रवाई करेगी।


रेवाड़ी। विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

## राज स्कूल के छात्रों ने आईआईटी वर्ल्ड टेक्नोकॉन में दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राज इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने आईआईटी दिल्ली में आयोजित हुई वर्ल्ड टेक्नोकॉन में भाग लिया और विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त कर एक अनूठा अनुभव हासिल किया। स्कूल से ग्यारहवीं व बाहरवी के छात्र दिव्यम, उदित, मौलिक, अंश, जतिन, नैतिक व उद्धव ने प्रशिक्षण लिया। आईआईटी की वर्ल्ड टेक्नोकॉन फर्म ने सभी सफल प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। आईआईटी यंग माइंड्स को असाधारण चीजें हासिल करने के लिए सशक्त बनाने में विश्वास रखती हैं। यह परिवर्तनकारी शिक्षण मंच छात्रों को उद्योग के अग्रणी विशेषज्ञों से जोड़ता है, जो इनको आज के प्रतिस्पर्धी नौकरी बाजार में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करते है। स्कूल चेयरमेन राजेंद्र सैनी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।



### सेना के सम्मान में पाल्हावास में निकाली तिरंगा यात्रा

रेवाड़ी। वीरवार को गांव पाल्हावास में भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सुखपुरा ने किया। यात्रा में राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ताओ सहित पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाल्हावास के विद्यार्थी व शिक्षक शामिल थे। तिरंगा यात्रा स्कूल के से शुरू होकर शहीद हवलदार रविंद्र कुमार के स्मारक तक निकाली गई। तिरंगा यात्रा में शामिल सामाजिक कार्यकर्ता अनिल आर्य और चेयरमैन राजकुमार ने कहा कि जब-जब भी हमारे देश पर संकट आया है तो पक्ष और विपक्ष के सभी राजनेताओं ने एकजुट होकर भारत सरकार को समर्थन दिया है और देश की सेनाओं ने अपने शौर्य, साहस और पराक्रम से दुश्मन को मुंह तोड़ जवाब दिया है। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल शोभा देवी, जिला उपाध्यक्ष रामदत्त, जिला सचिव मौसमी, पाल्हावास के सरपंच महेश, मुकेश कुमार पंच, पंडित श्योताज सिंह, रेणुबाला, रामबीर फौजी, विकम ब्लॉक समिति मेंबर, प्रवीन सरपंच, पूर्व सरपंच सुरेश,अशोक सरपंच, सतीश प्रधान, चंदप्रकाश, मंडल महामंत्री रंजीत यादव व अमित यादव सहित अनेक लोग मौजूद थे।

**कार्यक्रम** बीकानेर स्कूल में विश्व जैव विविधता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

## पर्यावरण बचाने और जागरूक करने के लिए विद्यार्थी आगे आएं

बढ़ता प्रदूषण, पानी की कमी, पेड़ों की कटाई व जीव जंतुओं का कम होना मानव जाति के लिए हानिकारक साबित हो रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड की ओर से विश्व जैव विविधता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड के अध्यक्ष रणदीप सिंह जोहर, सचिव अतुल जे सिरिस्कर तथा वन मंडल अधिकारी दीपक प्रभाकर पाटिल उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर में पौधा लगाकर किया गया। हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड से जिला समन्वयक दीपक कुमार ने जैव विविधता पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि बढ़ते प्रदूषण, पानी की कमी, पेड़ों की कटाई व जीव जंतुओं का कम होना मानव जाति के लिए हानिकारक साबित हो रहा है।

उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वह पर्यावरण बचाने और जागरूक करने के लिए आगे आएं। सभी पर्यावरण को बचाकर आने वाली पीढ़ी को एक उपहार के रूप में भेंट कर सकते हैं। जीव विज्ञान प्रवक्ता व कार्यक्रम प्रभारी विक्टोरिया के नेतृत्व में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पेंटिंग, स्लोगन लेखन, निबंध लेखन, भाषण व रंगोली प्रतियोगिताओं में 90 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अतिथियों ने प्रतिभागी विद्यार्थियो को सर्टिफिकेट प्रदान किए। कार्यक्रम में प्रवक्ता नीतू कुमारी, सोमबीर यादव, सत्ते सिंह, मीनाक्षी चुग, कांता लहकरा अध्यापक रविंद्र कुमार सैनी, मुकेश कुमार, नरेंद्र सिंह, प्रिया, अंशुल व संजय फॉरेस्ट गार्ड सहित अनेक लोग मौजूद थे।


रेवाड़ी। विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान करते हुए अतिथि। फोटो :हरिभूमि